## खबर संक्षेप

### ठप्प हो गई है मकान नामांतरण की प्रक्रियाः ढोबले

सौंसर। पांढुर्णा जिले के मोहगांव हवेली क्षेत्र कि जनता लंबे समय से प्रशासनीक परेशानीयों का सामना कर रही है।मोहगाव हवेली क्षेत्र में आबादी भुमी के नामांतरण खरिदी बिक्री तथा मकान नामांतरण कि प्रक्रियां पुरी तरह से ठप्प पड़ी हुई है। पहले यह कार्य ई-पंजीयण रजिस्ट्रीयों के माध्यम से सम्पन्न होते थे।लेकिन पंजियन कार्यालय द्वारा यह प्रकिया रोक दि गयी है। यह कहना है नगर पंचायत मोहगांव हवेली वार्ड नं 8 पार्षद नितिन ढोबले,का,इसी समस्या को लेकर मंगलवार को कलेक्टर पांढुर्णा को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। पार्षद श्री ढोबले ने बताया इस वजह से पंजीयन कार्यालय के द्वारा प्रक्रिया रोके जाने के कारण सालो से नये नामांतरण लंबीत है, बल्की जिनके नामांतरण हो चुके है उन्हे भी विभिन्न सरकारी योजना खासकर प्रधानमंत्री आवास योजना (घर कुल योजना) का लाभ नही मिल पा रहा है। मोहगाव नगर में कई परिवारों द्वारा वारसाना (वारिस) परिवर्तन खरिदि-बिक्री तथा नामांतरण की सभी प्रक्रियां विधिवत रुप से पुरी कर ली गयी है। लेकिन इसके बावजुद नगर परिषद में नामांतरण मामले लम्बे समय से अटके हुए हैं। जिला प्रशासन या फिर राजस्व विभाग ने नगर परिषद मोहगांव हवेली को आवश्यक निर्देश दिए जाने चाहिए, जिससे लंबित मकान नामांनतण शीघ्रता से पूर्ण किए जा सके और आम नागरीको को राहत मिल सकेगी।

### परिषद की बैठक कराने , कलेक्टर से लगाई गुहार

परासिया :- नगर पालिका परासिया में नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह परिषद की बैठक कराने कलेक्टर से गुहार लगाई है । उन्होंने ने मंगलवार 2 दिसंबर को आयोजित जन सुनवाई में इस मामले को लेकर शिकायत की है ।बता दें , कि नगर पालिका परासिया में लंबे समय से परिषद की बैठक नहीं हुई है । जिसके लिए लगातार कांग्रेस पार्षदों के द्वारा बैठक की मांग उठाई जा रही है । नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर ने बताया की 29 अप्रैल 2025 के बाद से परिषद की बैठक नहीं होने पर बार - बार एस डी एम और कलेक्टर को शिकायत के बाद 31 अक्टूबर को बैठक आयोजित की गई थी । जिसमें अध्यक्ष के होने के चलते उपाध्यक्ष और सी एम ओ की उपस्थिति में बैठक हुई । इस बैठक में जब पार्षदों के द्वारा जन हित के मुद्दे उठाए जाने लगे तो उपाध्यक्ष के कहने पर सी एम ओ ने बैठक स्थगित कर दी । उन्होंने नगर पालिका अधिनियमों का हवाला देते हुए कहा , कि बैठक स्थगित होने के 15 दिनों बाद बैठक आयोजित होना चाहिए , लेकिन ऐसा नहीं हुआ । जिससे साफ जाहिर है , कि भाजपा की परिषद को नगर विकास और जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है ।

## अवैध गड्ढों के कारण हर वर्ष होते थे गंभीर हादसे, रात में खदान के पास आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित

# अंबाड़ा ओपन कास्ट का किया निरीक्षण पोकलेन मशीन से बंद किए गए गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

पुलिस और वेकोलि अधिकारियों ने संयुक्त रूप सी अंबाड़ा के मुआरी में स्तिथ ओपन कास्ट कोयला खदान (ओ सी एम) का निरिक्षण किया । उसके बाद खदान में मौजूद उन मुहानों (गड्ढों) को पोकलेन मशीन से बंद किया । जहां से अवैध रूप से कोयला निकाला जाता था । 02 दिसंबर मंगलवार को थाना जुन्नारदेव एवं पुलिस चौकी अंबाडा एवं WCL स्टाफ के द्वारा संयुक्त रूप से मुआरी ओपन कास्ट अंबाडा का निरीक्षण किया गया । जिसमें थाना प्रभारी जुन्नारदेव राकेश सिंह बघेल , चौकी प्रभारी अंबाडा उप निरीक्षक संजय सोनवानी व WCL हेड सिक्योरिटी ऑफिसर गणेश खातरकर एवं स्टाफ शामिल था । ओपन कास्ट माइंस में अवैध उत्खनन रोकने और क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से अवैध उत्खनन से बने खतरनाक गड्ढों की भराई पोकलेन मशीन से



कराई जा रही है । अधिकारियों ने बताया , कि ऐसे गड्ढे दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनते हैं , इसलिए अवैध उत्खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसमें शामिल पाए जाने वाले व्यक्तियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी । निरीक्षण टीम ने खदान क्षेत्र के आसपास के ग्रामीणों को अवैध उत्खनन के खतरों के बारे में विस्तार से समझाया । लोगों को बताया गया , कि खदान क्षेत्र में अनधिकृत प्रवेश जानलेवा हो सकता है । अवैध गड्ढों के कारण हर वर्ष गंभीर हादसे होते हैं । रात में खदान के पास आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित है । बच्चों और पशुओं को खदान सीमा के नजदीक न जाने देने की अपील की गई।किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस या WCL सुरक्षा टीम को देने का आग्रह किया गया ।

अंबाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संजय सोनवानी ने कहा कि " अवैध उत्खनन करने एवं कराने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी एवं ओपन कास्ट की सुरक्षा में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। जनता की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।"अधिकारियों ने आगे भी ऐसे संयुक्त निरीक्षण और जन-जागरूकता अभियान जारी रखने की बात कही।

## पूर्व सीएमएचओ शास्त्री और बीएमओ चौरई की फाइल गायब

# छिंदवाड़ा स्वास्थ्य विभाग में सर्विस बुक घोटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

जिले के स्वास्थ्य विभाग में एक गंभीर लापरवाही और कथित भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। तत्कालीन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. एन.के. शास्त्री और प्रभारी बीएमओ चौरई डॉ. ए.के. सेन की सर्विस बुक रहस्यमय तरीके से गायब (गुम) हो गई है। आरोप है कि इन सर्विस बुक्स को जानबूझकर पूर्व में किए गए भ्रष्टाचार और नेत्र प्रकरण को छिपाने के लिए सर्विस बुक गुम कर दी गई ।



### जांच ठंडे बस्ते में

सूत्रों के अनुसार, इस मामले की शिकायत बसंत विश्वकर्मा (पुराना बैल बाजार चौक, छिंदवाड़ा) द्वारा की गई थी। शिकायत के बाद कमिश्नर जबलपुर ने जांच के आदेश दिए थे, लेकिन हैरानी की बात यह है कि आज तक किसी भी प्रकार की जांच नहीं हुई।संयुक्त संचालक (जेडी) स्वास्थ्य, जबलपुर कार्यालय की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि उन्होंने भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

### सर्विस बुक में लाल स्याही का इस्तेमाल

जानकारी के अनुसार, दोनों अधिकारियों की सर्विस बुक में लाल स्याही से विशेष एंट्री की गई है , जिसमें उनके खिलाफ पूर्व में दर्ज भ्रष्टाचार और अनुशासनात्मक प्रकरणों का विवरण दर्ज था। जिससे इनकी सर्विस के दौरान किए गए क्रिया कलापों को दर्ज किया गया था जो पूर्व उच्च अधिकारी ने लाल स्याही से दर्ज किया था जाने के बजाय पूरी फाइल ही गायब कर दी गई।

प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगतआरोप यह भी है कि सर्विस बुक को दोबारा तैयार कराने की अनुमति उच्च अधिकारियों द्वारा दी गई,जो नियम विरुद्ध है जिन्होंने सीएमएचओ कार्यालय की राजपत्रित शाखा के साथ मिलकर सर्विस बुक ₹नवीन₹ रूप में तैयार करवाई।इस पूरी प्रक्रिया में जेडी जबलपुर की भूमिका मुख्य है ।

### जिम्मेदारों पर नहीं हुई कोई कार्रवाई

सी ए म ए च ओ का र्या ल य , छिंदवाड़ा में राजपत्रित शाखा का संचालन करने वाले लिपिक हैं जिनके पास यह सर्विस बुक रखी हुई थी। उन पर नहीं हुई कोई कार्यवाही वित्त विभाग भोपाल के निर्देश अनुसार शाखा प्रभारी के ऊपर जांच कर की जानी थी कार्यवाही सवाल यह है कि जब फाइल उनके पास से गायब हुई, तब तक और आज दिनांक तक उन पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। तात्कालिक सीएमएचओ डॉ. एन.के. शास्त्री ने भी उस समय लिपिक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी, और वर्तमान सीएमएचओ ने भी अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

### विभाग से उठने वाले सवाल

1. कमिश्नर जबलपुर के आदेश के बाद भी जांच क्यों नहीं की गई
2. डॉ. एन.के. शास्त्री और डॉ. ए.के. सेन की सर्विस बुक आखिर कैसे गायब हुई
3. प्रभारी लिपिक और शाखा प्रभारी पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं
4. क्या प्रशासनिक अधिकारी जेडी जबलपुर और सीएमएचओ कार्यालय के कर्मचारियों की भूमिका की जांच होगी
5. क्या विभाग उच्च-स्तरीय जांच टीम गठित करेगा ताकि यह स्पष्ट हो सके कि सर्विस बुक दोबारा किस आधार पर तैयार की गई
6. प्रथम श्रेणी अधिकारी की सर्विस बुक नियम अनुसार भोपाल के आदेश अनुसार बनना चाहिए तो आपके विभाग कार्यालय में साठ घाट जबलपुर के अधिकारी से बनवा लिए जो अन लीगल है।

# असुरक्षित पर्यटन स्थल ने फिर ली एक ज़िंदगी, तलाश जारी

## सेल्फी की कीमत बनी जान, झिंगरिया झरना हादसाः सेल्फी लेते समय पर्यटक बह गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले के खूबसूरत लेकिन असुरक्षित पर्यटन स्थलों में एक बार फिर हादसे ने जान ले ली। दिल दहला देने वाली घटना रविवार को तामिया के नजदीक जिंगरिया वाटरफॉल में सामने आई, जहाँ गाजियाबाद निवासी मुकुंद शर्मा अचानक पानी की तेज़ धारा में बहकर लापता हो गए। परिवार पिकनिक मनाने आया था, लेकिन पलक झपकते ही खुशियों का माहौल मातम में बदल गया।

झिंगरिया वाटरफॉल सहित जिले के अधिकांश प्राकृतिक पर्यटन स्थलों पर — न तो सुरक्षा गार्ड , न चेतावनी बोर्ड , न बैरिकेडिंग , न रेस्क्यू टीम की तैनाती , न प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था इन सबकी अनुपस्थिति वर्षों से हादसों को दावत दे रही है। स्थानीय लोगों का दर्द आज छलक उठा— "वन विभाग सिर्फ फाइलों में सक्रिय है, जमीन पर नहीं।" हैरानी की बात यह है कि जिंगरिया क्षेत्र में पहले भी दुर्घटनाएँ हुई हैं, फिर भी विभाग ने कोई स्थायी सुरक्षा व्यवस्था नहीं बनाई। वाटरफॉल किनारों पर फिसलन इतनी अधिक है कि सामान्य पकड़ भी नहीं बन पाती, फिर भी खतरे की कोई चेतावनी तक नहीं लगाई गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मुकुंद शर्मा रविवार दोपहर परिवार के साथ फोटो खिंचवा रहे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसला और वे तेज़ पानी के बहाव में गिर पड़े। देखते ही देखते वे गहरे पानी में समा गए। तुरंत स्थानीय लोगों ने आवाज़ लगाई, पर जगह इतनी दुर्गम कि बचाव संभव नहीं हो सका। रविवार शाम से लगातार— NDRF , पुलिस , वन विभाग की टीम तलाश में जुटी है, लेकिन भारी जलप्रवाह और गहराई के कारण रेस्क्यू अभियान बेहद मुश्किल हो गया है। सोमवार सुबह से ड्रोन स्कैनिंग, सर्च ऑपरेशन जारी है, लेकिन अब तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया।

### वन विभाग के निकम्मेपन से बढ़ा खतरा

स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि जिंगरिया क्षेत्र में रोजाना बड़ी संख्या में सैलानी आते हैं, लेकिन क्षेत्र में वन विभाग की कोई सक्रिय निगरानी नहीं न गश्त, न चेतावनी, न नियंत्रित प्रवेश न ही कोई प्रशिक्षित लाइफगार्ड यही कारण है कि हर कुछ महीनों में कोई न कोई हादसा होता है, और विभाग घटनाओं के बाद सिर्फ 'जांच' की घोषणा कर अपनी जिम्मेदारी पूरी समझ लेता है। मांतक स्थिति—दो नन्हीं बेटियों के पिता का अनिश्चित भविष्य



**न प्रशिक्षित बचाव दल** : वन विभाग सिर्फ पर्यटक संख्या बढ़ाने की बात करता है लेकिन सुरक्षा-सुविधाओं पर खर्च नाममात्र करता है। नतीजा—हर साल कई परिवार उजड़ जाते हैं।

### सांसद के प्रयासों से नई कोयला खदानों को खोलने की एक और अड़चन दूर हुई

छिन्दवाड़ा। कोयलांचल क्षेत्र में नई कोयला खदानों को खोलने के लिए लगातार प्रयासरत सांसद बंटी विवेक साहू के लगातार प्रयास से कोल इंडिया लिमिटेड डब्ल्यू.सी.एल. ने भारत ओ.सी. और मोहन कालरी मोआरी कोयला खदानों को खोलने के दौरान उस क्षेत्र में होने वाले वनों की क्षतिपूर्ति की राशि स्वीकृत कर दी है। अब जल्द ही वन विभाग द्वारा दोनों खदानों को खोलने के लिए एनओसी जारी कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू ने विगत दिनों दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी से मुलाकात करते हुए उन्हें अवगत कराया था कि भारत एवं मोहन ओपन कास्ट कोयला खदान को खोले जाने की अनुमति लंबित है।



## मंगलवार और शनिवार को बड़ी संख्या में लगता हैं श्रद्धालुओं का ताता

# वर्षों पुराने केसरीनंदन हनुमान मंदिर में लिखित अर्जी देते हैं भक्त, पूरी होती है सबकी मनोकामना

## अर्जी लगाने वाले श्रद्धालुओं की होती है मनोकामना पूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शहर के ओबर ब्रिज के गास चार फाटक क्षेत्र में एक ऐसा मंदिर है, जहां लोग अपनी परेशानी कागज की पर्ची पर लिखते हैं और बजरंगबली के चरणों में चढ़ाते हैं. भक्तों की परेशानी की बकायदा सुनवाई होती है और अर्जी का निराकरण किया जाता है. इसके अलावा यहां हजारों की संख्या में चढ़ाए जाने वाले नारियल को पूरे मंदिर में तोरण बनाकर लगायाजाता है। छिंदवाड़ा के चार फाटक क्षेत्र में बना यह बरसों पुराना अर्जी वाले हनुमान जी का मंदिर जिसका नाम श्री केसरीनंदन हनुमान मंदिर है. इस मंदिर में हर मंगलवार और शनिवार की भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है, यहीं, हनुमान जन्मोत्सव पर यहां धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। छिंदवाड़ा जिले में स्थित इस प्राचीन हनुमान मंदिर में दूर-दूर से लोग अपनी अर्ज़ी लगाने आते हैं. अर्जी चाकायदा कागज में लिखी होती है. कहा जाता है कि इस अर्जी को हनुमान जी स्वयं सुनते हैं और बाद में एक-एक करके इनका निराकरण भी होता है. भक्त बजरंगबली के चरणों में इसके बाद प्रसाद भी अर्पण करते है। यहां आए एक श्रद्धालु ने बताया कि अपनी अर्जी लेकर आने वाले भक गर्दा पर एक-एक नारियल भी साथ लाते हैं हजारों की संख्या में जाने वाले नारियल को तोरण के तौर पर पूरे मंदिर में लगाया गया है. इन नारियलों से प्रसाद के अलावा मंदिर के हर द्वार को सजाया जाता है. साथ ही हर तरफ नारियलों को लटका दिया जाता है। मंदिर में इतनी संख्या में नारियल का आए जाने की वजह है कि इस मंदिर को नारियल वाले हनुमान जी का मंदिर भी कहा है, लोगों का कहना है कि अर्जी के साथ साथ नारियल चढ़ाने की परंपरा इस प्राचीन मंदिर में लंबे समय से चली आ रही है।

### अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करते बजरंगबली



श्री केसरीनंदन हनुमान मंदिर समिति के सदस्य सुनील कुमार ने बताया की यहां अपनी परेशानी और दुख-दर्द लेकर आने वाले श्रद्धालु केसरीनंदन हनुमान जी के चरणों के अपनी परेशानी कागज की पर्ची पर लिखकर चढ़ाते है जिसके बाद उनकी समस्या का निवारण जरूर होता है. चजरंगबली अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करते है और यहीं चमत्कार है कि दुखी होकर आने वाला व्यक्ति भी यहां से खुश होकर जाता है बरसों पुराने इस प्रसिद्ध मंदिर की यह मान्यता है कि यहां भछ जो भी अंजी लेकर आते हैं और उसे हनुमान जी के श्री चरणों में चढ़ाते हैं. भक्तों की सुनवाई होती है और अजर्जी का निराकरण हो जाता है. यही वजह है कि यहां पर जो भी अपनी समस्याएं लेकर आता है उसे कागज में लिख कर हनुमान जी के चरणों में अर्पित कर देता है. यह एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां पर हनुमान जी स्वयं भक्तों की अर्जी पर सुनवाई करते हैं अर्जी वाले हनुमान जी के मंदिर में मंगलवार और शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का ताता देखा जा सकता हैं।

# नहीं चाहिए दूषित पानी, नारे के साथ नपं पहुंचे भाजपाई

## पानी के लिए अभी से हाहाकार, आक्रोश में है ग्रामीणजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

नगर पंचायत न्यूटन में दूषित पानी की समस्या लंबे अरसे से बरकरार है । कई बार इसको लेकर आंदोलन किए गए । नगर परिषद हर बार समस्या के समाधान शीघ्र करने की बात कहती रही । बावजूद इसके हाल ही में दूषित पानी सप्लाई किया गया । जिससे जन आक्रोश पनपने लगा । मंगलवार को नहीं चाहिए दूषित पानी , कांग्रेस परिषद मुर्दाबाद जैसे नारे लगाते हुए भाजपाई नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और प्रभारी सीएमओ को समस्या से अवगत कराया और ज्ञापन दिया ।नगर भाजपा के द्वारा मंडल उपाध्यक्ष सोनू त्रिवेदी के नेतृत्व में भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री चंद पटेल , मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी , नगर अध्यक्ष शिवनाथ कनौजिया , दीप अक्षय भनारिया , भाजपा नेता हरि आठनकर , राजेंद्र यादव (बबुआ) , इंद्रपाल साहू , नितिन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता महिलाएं और नागरिक रैली के रूप में नारे लगाते हुए नगर पंचायत पहुंचे यहां प्रभारी सीएमओ और उपयुक्त रोशन बाथम को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि नगर में जो पानी सप्लाई किया जा रहा है वह बिल्कुल भी उपयोगी



नहीं है उन लोगों के द्वारा लगातार पिछले कई दिनों से शुद्ध पानी के लिए आवाज उठाई जा रही है पिछले सीएमओ ने भी नगर में शुद्ध पानी की व्यवस्था बनाने की बात कही थी , लेकिन समस्या जस की तरफ से कुछ महिलाओं ने बोतल में पानी भी लेकर आईं और इसे सीएमओ को दिखाया । इस दौरान लोगों के तेवर काफी उग्र नजर आए और पानी को लेकर उनमें नाराजगी साफ दिखाई दी । भाजपा नेताओं ने कहा , कि तीन दिनों के भीतर लोगों को शुद्ध पानी नहीं मिला तो वह पंचायत के आगे बैठकर धरना देंगे । इस ज्ञापन में पार्षद राहुल सराठी , सीमा इरपाची , ज्योति यदुवंशी , निकिता बरखे , के अलावा भाजपा के अश्वनी यदुवंशी , रमेश साहू , सलमान खान , सिद्धार्थ मुखर्जी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए ।

### इनका कहना है

नदी में खदानों का पानी मिलने से उसमें आयरन की मात्रा बढ़ी है । जिसके लिए आयरन प्यूरीफायर मशीन लगाने वेकोली अधिकारियों से चर्चा की गई है । शीघ्र ही इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा ।

**रोशन बाथम** (प्रभारी सी एम ओ एवं उपायुक्त नगर निगम )

नगर परिषद लोगों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने संकल्पित है । खदान का पानी नदी में न मिले इसके लिए जहां खादन का पानी गिर रहा है , वहां नाली बनाकर पानी को डाइवर्ट किया गया है । लोगों को थोड़ा संयम रखना होगा और सहयोग करना होगा । आयरन प्लांट के लिए लगातार वेकोलि प्रबंधन से बात की जा रही है ।.

**अनुपमा राय** (अध्यक्ष नपं न्यूटन )

### सांसद खेल महोत्सव की प्रतियोगिताएं होंगी आज से

छिंदवाड़ा। सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित होने वाली समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय व महाविद्यालय की छिंदवाड़ा विकासखंड स्तरीय विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आज से प्रारंभ होने जा रही है । जिसमें विद्यालय स्तर पर14/17 /19 वर्ष बालक बालिका एवं महाविद्यालय स्तर पर 19 वर्ष से अधिक के प्रतिभागी भाग लेंगे।स्थानीय स्टेडियम मैदान में 3 दिसंबर को बालिका वर्ग फुटबॉल, आसाराम गुरुकुल में वॉलीबॉल तथा 4 दिसंबर को स्टेडियम मैदान मे बालक फुटबॉल व कराते, गुरुकुल स्कूल में खो खो , पुलिस मैदान में हॉकी की प्रतियोगिताएं संचालित होंगी।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

हितग्राहियों ने की कलेक्टर से कार्रवाई की मांग

# स्मार्ट मीटर लगाने विद्युत विभाग कर रहा जबरदस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



क्षेत्र में मध्यप्रदेश विद्युत वितरणके द्वारा नए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।परंतु स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर बिजली उपभोक्ताओं में विरोध किया जा रहा है।लोगों का कहना है कि उपभोक्ताओं से बिना बातचीत किए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर जबरन लगाने को लेकर उपभोक्ताओं के द्वारा मंगलवार को सौसर तहसील कार्यालय में पहुंचकर कलेक्टर के राजस्व विभाग एवं मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को ज्ञापन सोपा है।

इस दौरान उपभोक्ता सरस्वती ठाकरे,रिंटू खान,बेबी बड़वाईक,प्रणीता सिरसे,किरण हेडाऊ, सुरिया शेख, शुषमा राठोर आदि ने बताया कि मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नागरिकों की सहमति के बिना घरो में जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है।स्मार्ट मीटर लगाने वाली प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी बिना पूर्व सूचना, बिना लिखित आदेश बिना उपभोक्ता सहमति के घरों में घुसकर जबरन स्मार्ट मीटर बदल रहे हैं। कई स्थानों पर महिलाओं एवं वरिष्ठजनों को धमकाया जा रहा है। अभी मीटर नहीं लगवाया तो आगे 5000 देने पड़ेंगे, स्मार्ट मीटर नहीं लगवाया तो बिजली काट दी जाएगी, रीडिंग लेने कोई नहीं आएगा, आदि बाते की जा रही है। साथ ही स्मार्ट मीटर लगाने के पूर्व न सहमति पत्र पर हस्ताक्षर लिए जा रहे हैं, कोई आधिकारिक सूचना भी नही दी जा रही है।सरकारी आदेश भी नही बताया जा रहा है।स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तुरंत रोकने, जिन घरों में बिना अनुमति स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, उन्हें हटाकर पुराने मीटर पुनः स्थापित किए जाना चाहिए। इस दौरान ज्ञापन में सौसर क्षेत्र ओर नगरीय सीमा में संचालित कपास जिनिगो की जांच करने की माग गई है।

## पीएम श्री कॉलेज में विश्व एडस दिवस का आयोजन



**पांढुर्णा।** कल पीएम श्री कॉलेज में प्राचार्य डॉ.शहनाज खान के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस का आयोजन संपन्न है। समारोह के दौरान डॉ.डी.के. इंदुरकर द्वारा एचआईवी/एडस जागरूकता पर व्याख्यान दिया गया। इन्होंने अपने उद्बोधन में उपस्थित विद्यार्थियों को देश में इस रोग के बढ़ते मरीजों की गंभीर स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि हमारे देश में एचआईवी/एड्स बहुत तेजी से फैल रही है। इन्होंने बताया कि बचाव ही इसका सही उपाय है और रोगी से हमें भेदभाव नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. डी.एस.बीसेन, डॉ. ललिता धुर्वे, श्री बी.के. धुर्वे, कार्यकारी अभियंता विद्युत विभाग, डॉ. विवेक कुमार सोनवणे, प्रो. गणेश कुमार तुमड़ाम, प्रो. मनोज कुमार धुर्वे, प्रो. पंजाब सिंह, डॉ. किशोर पराड़कर, प्रो. अभिलाषा दवण्डे, डॉ. दीपचंद भावरकर, डॉ. कैलाश कुमार गुनेहरे, एवं छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

## विश्व दिव्यागंजन दिवस पर आधार में खेल महोत्सव संपन्न



**छिंदवाड़ा।** नगर के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पुरस्कार वितरण के साथ तीन दिवसीय खेल महोत्सव का समापन हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी जी. एस. बघेल, विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉक्टर सुशील दुबे, जिला रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन भानुदास गोखे उपस्थित रहे एवं अध्यक्षता नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने की। जिनके साथ डी डी आर सी के प्रशासनिक अधिकारी पंचलाल चंद्रवंशी एवं दिव्यागंजन समाज सेवी अभिषेक बघेल एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिनका दिव्यांग बच्चों के साथ आधार की संचालिका एवं अध्यक्ष सरिता पांडे ने तिलक लगाकर तुलसी का पौधा भेंट कर अभिनंदन किया।इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने सुंदर नृत्यगान कर सभी का मन जीत लिया और स्वच्छता सहित नशा मुक्त भारत का संदेश दिया।कार्यक्रम का सफल संचालन सक्षम के जिला अध्यक्ष इंजीनियर महेश किन्थ एवं आभार प्रदर्शन आधार की अध्यक्ष सरिता पांडे ने किया।कार्यक्रम के दौरान आधार एवं सक्षम द्वारा नरेश धुर्वे जमुनिया उमरेठ एवं किरण डोंगरे उमरानाला को ट्रायसिकल एवं अन्य दिव्यागजनों को व्हील चेयर व छड़ी निःशुल्क भेंट की गई।

# सड़क मरम्मत नहीं हुई तो चक्काजाम करेंगे रईस खान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



बी जी साइडिंग परासिया से रावनवाड़ा सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो कांग्रेस के तेज तर्रार नेता और पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रईस खान चक्काजाम करेंगे । इस चेतावनी के साथ उन्होंने पेंच - कन्हान कोयला क्षेत्र के महाप्रबंधक को पत्र दिया है । साथ ही इसकी एक - एक प्रति एस डी एम और एस डी ओ (पुलिस) को भी दी है ।श्री खान ने पत्र में कहा है , कि कोयला परिवहन के लिए भारी भरकम ट्रक 24 घंटे बी जी सायडिंग से रावनवाड़ा मार्ग पर चलते हैं । जिससे इस मार्ग पर गड्ढे हो गए हैं । जिसके चलते इस मार्ग पर आवाजाही मुश्किल हो गई है । छोटे चार पहिया और दुपहिया वाहन गड्ढों के चलते आए दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं । इन्हीं गड्ढों के चलते दुर्घटना में कुछ महीनों पहले एक बच्चे की जान चली गई । मरम्मत के लिए बार - बार प्रबंधन को कहा गया , लेकिन कुछ नहीं हुआ । श्री खान ने चेतावनी दी है , कि यदि 3 दिनों में सड़क मरम्मत नहीं होती है तो वे चक्काजाम करेंगे ।

## पुरुस्कार पाकर खुशी से खिले दिव्यांग विद्यार्थियों के चेहरे



**बिछुआ।** मंगलवार को विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य पर विकासखण्ड़ स्तरीय शालेय खेलकूद व सामर्थ्य प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय बिछुआ के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को मुख्य धारा में जोड़ना व उनकी क्षमता व सामर्थ्य का प्रदर्शन के माध्यम से छात्र-छात्राओं शैक्षणिक के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक क्षमता की पहचान कराने एवं सक्षम बनाने हेतु किया गया।अनुकरणीय विषय यह रहा की शासकीय शाला में पढ़ने वाले बच्चों ने अपनी पूरी क्षमता के साथ उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में साहित्यिक गीत गायन व मैदान में अपना जौहर दिखाया। जिनका हौसला अफजाई के करने के लिए दर्शकों ने जमकर तालियां बाजी।खेलकूद की विभिन्न विधाओं में रंगोली प्रतियोगिता में कन्या हायर सेकेंडरी की मानसी घागरे, मेहंदी में नितेश्वरी साहू, चित्रकला में अंजनी प्रथम-प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ में अनिकेत कावरेती, श्वेता गजभिए सती, सावित्री, मयूर साहू, प्रांजल मंगरोले, पवन ने सराहनीय प्रदर्शन किया। नृत्य बिरसा मुंडा के गीत में नन्हें बच्चे अंशु और आकांक्षा धुर्वे ने सभी मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के अंत में नगर परिषद बिछुआ के उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे, जनपद पंचायत बिछुआ के अध्यक्ष सतीश भलावी, भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेष चोपड़े, रामदयाल मिनोटे, हर्ष चोपड़े, बीआरसी दिनेश डिगर्से, संकुल प्राचार्य विजय पडोले, बीएससी श्रीकांत मिश्रा संदीप सोनारे, संजय शेरके, एमआरसी दीपक डेहरिया, मुबीन खान, बसंत खरपुसे, पवन नागरे आदि की उपस्थिति में पुरुस्कार वितरण किया गया।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर होंगे सौंसर में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

6 दिसंबर भारतीय संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जी के उन 69 वीं महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर सौसर नगर में डॉ बाबासाहेब अंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर की ओर से आदराजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर के अध्यक्ष पंकज शेंडे उज्वल अवसरमोल से मिली जानकारी के अनुसार संपूर्ण देश और विश्व के साथ ही सौसर नगर में भी महापरिनिर्वाण दिवस विभिन्न कार्यक्रमों एवं आदराजलि सभा के रूप में मनाया जाएगा।

शनिवार 6 दिसंबर को डॉ बाबासाहेब आंबेडकर मंडल सौसर,की ओर से सुबह 10 बजे बुद्ध विहार में सामूहिक बुद्ध वंदना, त्रिशरण पंचशील किया जाएगा, बुद्ध विहार से रैली निकालकर पटागन बुध्द प्रतिमा,ओर डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक में डॉ बाबासाहेब अंबेडकरजी के प्रतिमा को माल्यार्पण एवं आदरांजली सभा, का आयोजन किया जाएगा शाम 7 बजे वार्ड नं 11 बुद्ध विहार सौसर से डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक तक कैंडल रैली निकालकर 2 मिनट का मोंनधारण करते हुए आदराजलि अर्पित की जाएगी।महापरिनिर्वाण कार्यक्रम में सौसर क्षेत्र के सभी बुद्ध, फुले,अंबेडकरी, संगठनों से जुड़े हुए पदाधिकारी सदस्य समाज बंधुओ को आमंत्रित किया गया है।

## 6 दिसम्बर को जिले के गांवों में होंगे आदरांजली कार्यक्रम

**सौंसर।** 6 डिसेंबर महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों को लेकर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत ने बताया विश्वरत्न डॉ बाबासाहेब अंबेडकरजी के महापरिनिर्वाण दिवस



के अवसर पर 6 दिसंबर शनिवार को पांढुर्णा जिले एवं सौसर विधानसभा के सभी गांवो वार्डो के बुद्ध विहारो एवं डॉ बाबा साहेब अंबेडकरजी प्रतिमाओं के सम्मुख सुबह 10 बजे सामूहिक बुद्ध वंदना, माल्यार्पण,रेली आदरांजली कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा,6 दिसंबर पर आदरांजली कार्यक्रम करने को लेकर भारतीय बौद्ध महासभा के सभी ग्रामीण इकाइयों को निर्देशित किया गया है।

## श्री कृष्णा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए संदीप मोहोड़

**सौंसर।** कन्हान क्षेत्र के ग्राम मोगरा के श्रीकृष्ण ज्ञान मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धार्मिक आयोजन के साथ सम्पन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व श्रीमूर्ति की पालखी यात्रा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। पूरे ग्राम में भजन, नामस्मरण और सत्संग की अनुगूंज से आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो गया। श्रीमूर्ति की पूजा जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, श्रीमती दर्पणा मोहोड हस्तें की गई। जिलाध्यक्ष श्री मोहोड ने कहा कि, महानुभाव पंथ की परंपरा समाज को भक्ति, सरलता, करूणा और समाजसेवा का संदेष देती है। प्राण प्रतिष्ठा केवल मूर्ति की स्थापना नहीं, बल्कि भक्तों के हृदय में धर्म, सदाचार और भक्ति की प्रतिष्ठा है। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें कर्तव्य, धैर्य और धर्मपरायणता का संदेष देता है। यदि हम इन मूल्यों को अपनाये तो समाज में सदभाव, सुख और समृद्धि अवष्य बढेगी। इस दौरान मोहोड दंपत्ति ने जिले के नागरिकों के कल्याण, आरोग्य, षांति और खुषहाली की प्रार्थना की। श्रीकृष्ण कथा संत्संग प्रवचन महोत्सव में दिनकरमुनी दादा अंकुलनेरकर, कृष्णराज बाबा आराध्य की प्रमुख उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नामस्मरण, सत्संग, श्री पंचअवतार उपहार, धर्मसभा महाप्रसाद का वितरण किया। इस दौरान कार्यक्रम में ग्राम के अलावा आजू-बाजू के ग्राम के बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## प्राथमिक विद्यालय किन्ही के शिक्षक की सेवा निवृत्ति पर छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय किन्ही में कार्यरत शिक्षक नारायण प्रसाद मिश्रा की सेवानिवृत्त पर विद्यालय के छात्र छात्राओं शिक्षकों और अभिभावकों ने उन्हें विदाई दी। शिक्षकों ने उपहार, स्मृति चिह्न के साथ शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। आपको बता दें शिक्षक नारायण प्रसाद मिश्रा का जन्म 17/11/1963 में ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा किन्ही, माध्यमिक शिक्षा भानेगांव,व हायर सेकेंडरी स्कूल किरनापुर में की वे शिक्षाकर्मी के पद पर 16/09/1998मे किन्ही स्कूल में पदस्थ हुये।वे शासकीय सेवा में 27साल 02माह 12दिन शासन की नौकरी कर सेवा निवृत्त हो रहे हैं। छात्र-छात्राओं ने विदाई गीत गाकर उन्हें विदाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती अनीता दयानंद धनवले, गणेश प्रसाद सोनी बीइओ , राजेंद्र प्रसाद राहंगडाले ,प्राध्यापक बालचंद लिल्हारे, शिक्षक उम्मेद सिंह कुढ़ापे ,शिक्षक मानसिंह जचपेले ,शिक्षक श्रीमती कविता लिल्हारे, गुनेश्वरी नागेश्वर क्षेत्र के समस्त स्कूलों के शिक्षकों की उपस्थिति सराहनीय रही। सेवा निवृत्त शिक्षक नारायण प्रसाद मिश्रा ने स्कूल को झूला सप्रेम भेंट स्वरूप प्रदान किया। शिक्षक को बाजे गाजे के साथ स्कूल से उसके गृह निवास तक पहुंचाया गया। तत्पश्चात भोजन की व्यवस्था भी की गई।

डरना नहीं समझना होगा, तभी एड्स से बचना होगा

# शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया विश्व एड्स दिवस

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 02 दिसम्बर को राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण समिति मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला एड्स नियंत्रण समिति बालाघाट के निर्देशानुसार विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा स्वास्थ्य विभाग वारासिवनी के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन एवं कृष्णा पराते प्रभारी रेड रिबल क्लब के नेतृत्व में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालयीन लगभग 87 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छाया चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मुख्य अतिथि के रूप में संदीप कोकाटे एचआईवी कांउसलर, विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ0 रक्षा निकोसे एवं सुरेन्द्र कटरे लिंक वर्कर स्कीम वारासिवनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रभारी द्वारा विश्व एड्स दिवस की संक्षिप्त रूपरेखा बताते हुये कहा कि विश्व एड्स दिवस की थीम ''व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन लाना'' रखा गया है। इस व्याख्यान कार्यक्रम का उद्देश्य उन चुनौतियों को पहचानना जो एचआईवी एड्स महामारी के खिलाफ लड़ाई में खड़ी हैं, जैसे स्वास्थ्य सेवाओं में पहुँच में कमी, सामाजिक भेदभाव, असमानता आदि। इस रणनीति और प्रतिबद्धता के साथ एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें सरकार द्वारा 2030 तक एड्स को सार्वजनिक खतरे को रूप में पूरी तरह समाप्त करने के वैश्विक लक्ष्य निर्धारित है।

डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम द्वारा एड्स दिवस पर प्रकाश डालते हुये कहा कि एचआईवी संक्रमण से जुड़ी भ्रांतियाँ, डर और बहुत सी गलत धारणाओं जैसे हाथ मिलाना, गले मिलना, एक ही शौचालय का उपयोग करना, साथ-साथ रहना आदि को मिटाने हेतु एड्स दिवस मनाया जाता है। एड्स दिवस मनाने का उद्देश्य उन लोगों को याद करना हैं, जिन्होंने इस बीमारी से संक्रमण के दौरान सही उपचार ना करने या सामाजिक असमानता के कारण अपनी जान गंवायी है।

मुख्य वक्ता संदीप कोकाटे ने बताया कि एचआईवी संक्रमित होने का मुख्य कारण इन्जेक्शन की उपयोग की हुई सुई का पुनः उपयोग करने से, असुरक्षित यौन संबंध, एचआईवी से संक्रमित गर्भवती माता से शिशुओं में, संक्रमित रक्त या रक्त उत्पाद का प्रयोग करना है। एचआईवी एक वायरस हैं, जो शरीर को रोगों से लडने की क्षमता को कमजोर करता है एवं एड्स का कारण बन सकता है। लेकिन सही उपचार और स्वस्थ जीवन शैली से एचआईवी पॉजीटिव व्यक्ति भी स्वस्थ जीवन जी सकता है। एचआईवी से संबंधित अधिक जानकारी हेतु हेल्प लाइन नम्बर 1097 का उपोग कर सकते है। एचआईवी संक्रमण से बचने के लिए निम्न उपाय किये जा सकते हैं, जैसे- सुरक्षित यौन संबंध हेतु निरोध का उपयोग करना, नई सुई का उपयोग करना, पंजीकृत ब्लड बैंक से ही रक्त का उपयोग करे, गर्भावस्था के दौरान जल्द से जल्द जॉच करवाये। निःशुल्क जॉच हेतु नजदीकी सरकारी अस्पताल में संपर्क करे। विश्व एड्स जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत पोस्टर, स्लोगन, प्रश्न मंच, भाषण, निबंध, नुक्कड़ नाटक एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन 01 दिसम्बर 2025 से 15 दिसम्बर तक किया जाना है। एड्स जागरूकता कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम प्रभारी द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## सांदीपनि विद्यालय में मनाया गया नेशनल साईबर क्राईम दिवस



**वारासिवनी।** सांदीपनि टिहलीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में 6 एम पी बटालियन बालाघाट के एनसीसी केडेट ने नेशनल साइबर क्राइम दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन 6 एम पी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल वी के गुप्ता के मार्गदर्शन तथा संस्था के प्रभारी प्राचार्य हुमराज पटले के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में श्री पटले एवम् संस्था के वरिष्ठ शिक्षक लखन रिनायत भी उपस्थित रहे तथा एनसीसी केडेट को नेशनल साइबर क्राइम डे के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी श्रीमती अन्नू राहंगडाले एवम् एनसीसी केडेट सहित विद्यालय का समस्त परिवार का योगदान सराहनीय रहा।

ग्राम पंचायत कुल्पा में अपात्रों को मिला आवास की सूची में स्थान

# पात्र हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा आवास योजना का लाभ



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** हर आदमी की यह ख्वाहिश होती है कि उसका भी एक अपना पक्का मकान हो, सिर छुपाने के लिए पक्की छत हो। और ऐसे ही गरीब, लाचार आदमी के सपनों को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीब एवं मध्यम वर्ग के व्यक्तियों के पक्के मकान के संकल्प को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से साकार करने का कार्य बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप जिले के सभी विकासखंडों की अनेक ग्राम पंचायतों मे धड़ल्ले से गरीबों के मकान बन रहे है लेकिन जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कुल्पा में मामला थोड़ा उलट है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत कुल्पा में जिम्मेदारों द्वारा पीएम आवास योजना के कार्य में लापरवाही बरती जा रही है और ग्राम के जो पात्र हितग्राही हैं उन्हें नजर अंदाज कर जिनके पूर्व में पक्के भवन है उन्हें भी पात्र बताकर आवास योजना का लाभ दिया गया है। जिससे पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

**2023-24 में 20 मकान तो 2024-25 में 49 आवास पास:** इस संबंध में ग्राम पंचायत कुल्पा के सचिव संतोष बैस द्वारा बताया गया की 2023-24 में 19 प्लस 1 मकान तो 2024-25 में 49 आवास पास किये गये है जिसके संबंध में शिकायत होने पर जनपद स्तर पर जांच भी की गई। ग्राम पंचायत द्वारा पात्र हितग्राहियों को ही आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। दूसरी ओर ग्राम के ही कुछ लोगों द्वारा नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया गया की सचिव द्वारा आवास योजना के कार्य में लापरवाही बरतते हुए पूर्व से ही जिनके पक्के आवास है उन्हें भी इस योजना का लाभ दे दिया गया है जिससे पात्र हितग्राहियों को इस योजना का लाभ शासन से नहीं मिल पाया है। वहीं इस संबंध में जब ग्राम के संरपंच से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा कॉल रिसिव नहीं किया गया।

### इनका कहना है

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। संबंधित विभाग के अधिकारी से इस संबंध में जानकारी लेकर जांच कराई जाएगी।

**रामगोपाल यादव, सीईओ जनपद पंचायत लांजी**

ग्राम में पात्र हितग्राहियों को ही आवास योजना का लाभ दिया गया है, न की अपात्रों को। कुछ हितग्राहियों की शिकायत जनपद पंचायत लांजी में की गई है जिसकी जांच की जा चुकी है। योजना में जो पात्र है उन्हें ही आवास योजना का लाभ दिया गया है।

**जतिन नगपुरे, सरपंच**

नवोदय व डायमंड बालाघाट के बीच हुआ फुटबाल का शो मैच

# मिनी ब्राज़ील के संस्थापक कोच रईस अहमद व बालाघाट के खिलाडियों का नवोदय विद्यालय में किया गया भव्य सम्मान



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जवाहर नवोदय विद्यालय पी एम श्री स्कूल वारासिवनी में गति निर्धारक कार्यक्रम के अंतर्गत मिनी ब्राज़ील विचारपुर के संस्थापक व पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी रईस अहमद तथा बालाघाट जिले के प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों का भव्य स्वागत और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य रणवीर सिंह ने इस कार्यक्रम के आयोजन और अतिथियों के आगमन की जानकारी देते हुए उपस्थित जनता का अभिवादन किया।

प्रातःकालीन सत्र में मिनी ब्राज़ील के कोच रईस अहमद, सहायक संचालक खेल एवं एनआईएस प्रमाणित कोच के रूप में विद्यालय पहुँचे। उन्होंने बालाघाट जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव सुनील यादव से खेलगांव निलजी में संचालित अकादमी की विस्तृत जानकारी ली। प्रातः ही वे खेलगांव पहुँचे और वहाँ के खिलाडिय़ों को प्रेरित करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

**नवोदय व डायमंड रॉक बालाघाट के मध्य खेला गया शो मैच:** नवोदय विद्यालय व खेलगांव निलजी के खिलाडिय़ों को मिलाकर दो टीमें बनाई गईं। नवोदय वारासिवनी और डायमंड रॉक बालाघाट के बीच विद्यालय परिसर में आयोजित इस शो मैच में जिले के कोच, अधिकारी, नवोदय स्टाफ तथा छात्र-छात्राएँ बड़े उत्साह के साथ मौजूद थे। मैच का आरंभ कोच रईस अहमद ने कराते हुए सभी खिलाडिय़ों का परिचय प्राप्त किया और मैदान के नियमावली अनुसार मैच का संचालन हुआ। मैच अत्यन्त रोमांचक रहा। नियत समय पर दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। पेनाल्टी शूटआउट भी बेहद प्रतिस्पर्धी रहा और अंतिम निर्णायक पेनाल्टी में डायमंड रॉक बालाघाट विजयी रही। मैच के मध्य व उपरान्त कोच रईस अहमद ने खिलाडिय़ों को विशेष तकनीकी प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया, जिससे युवा खिलाड़ी भाव विभोर हो उठे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण थे वीरेंद्र बैगा मिनी ब्राजील विचारपुर, जो जर्मनी से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं और जिन्होंने मैदान पर अपनी उपस्थिति से माहौल गरमा दिया।

दोनों टीमों के बीच खेले गए मैच में अकादमी खेलगांव निलजी की ओर से प्रमुख खिलाड़ी के रुप में बोरिस सिंह, टिकन उद्दे, आशीष शर्मा, अभिषेक गुप्ता, वैभव किमेन, धनिष्का धुर्वे, राजकुमार, आबिर, अमन, संस्कार, अभिमन्यु, बारिश प्रताप और नवोदय विद्यालय की ओर से माही सेंदरे, शुभ मरकाम, आयुष उके, संकेत धुर्वे, औरर्श भगत, हेनान पटले, मनीष तिलगाम, आदर्श मेश्राम, चंद्रशेखर उके, आर्यन लिल्हारे, भौतिक सलामे, जिगर, निहाल पांडे एवं पन्द्रे आदि शामिल रहे। मैच में रेफरी एवं मैच संचालन आधिकारिक रेफरी आर्यन सिसोदिया, नारायण मेहता, लक्ष्मण ठाकुर थे।

**खबर संक्षेप**

### बंधुवा एवं बाल श्रम रोकथाम हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में बंधुवा मजदूरी तथा बाल श्रम रोकथाम से संबंधित प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देशित किया कि जिले से बाहर जाने वाले मजदूरों का ग्राम पंचायतवार अद्यतन डाटा तैयार रखा जाए, जिससे मजदूरों के पलायन पर समय रहते निगरानी रखी जा सके और बंधुवा मजदूरी जैसी स्थितियों की पहचान तुरंत की जा सके।
उन्होंने मैदानी स्तर पर श्रम कानूनों के प्रचारप्रसार, श्रमिकों हेतु आसान एवं सुलभ शिकायत प्रणाली स्थापित करने तथा बाल श्रमिक रोकथाम के मामलों में नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बाल श्रम की पहचान, बचाव और पुनर्वास की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया।

# आदेगांव पुलिस द्वारा 6 माह से फरार चल रहे आरोपी को नागपुर से किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी के कुशल नेतृत्व में थाना प्रभारी उनि. आशीष धुर्वे एवं पुलिस स्टाफ द्वारा आरोपी को किया गिरफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

घटना दिनांक 12.07.25 को प्रार्थीया ने रिर्पोट दर्ज करायी कि नाबालिक बालिका को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर भगा ले गया है। प्रार्थीया की रिर्पोट पर अपराध क्रमांक 162/25 धारा 137 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।
मामले में दिनांक 14.07.25 को अपता की दस्तयाबी की जाकर मामले में 02 आरोपी गणो को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। मामले में 06 माह से फरार चल रहे अन्य आरोपी राज मेहरा ऊर्फ राहुल ऊर्फ प्रेमनारायण ऊर्फ बिल्ला को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 30.11.25 को नागपुर बोरी बुट्टी कलमना से दस्तयाब कर अभिरक्षा मे लेकर विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश करने उपरांत जेल दाखिल किया गया है। आरोपी राज मेहरा ऊर्फ राहुल ऊर्फ प्रेमनारायण ऊर्फ बिल्ला पिता लक्ष्मण झारिया उम्र 25 साल नि. ग्राम पाटन सराहनीय कार्य एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी, थाना प्रभारी उनि.आशीष धुर्वे प्रआर. संतोष मर्सकोले आर. संदीप उईके आर. धर्मेन्द्र सरयाम जयप्रकाश उईके सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण सराहनीय भूमिका रही है।



### कुरई में युवती लापता, परिजनों ने थाना पहुंचकर दर्ज कराई शिकायत

**सिवनी** / कुरई थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम करजमारा निवासी 21वर्षिय छात्रा के रहस्यमय परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजन उसकी गुमशुदगी को लेकर बेहद चिंतित हैं और पुलिस से त्वरित कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार लापता युवती बीएससी फाइनल वर्ष की छात्रा है, विगत 27 नवम्बर की सुबह से लापता है। वह अपने छोटे भाई-बहन के साथ कुरई में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। परिजनों ने बताया कि दोपहर लगभग 12 बजे लापता की छोटी बहन कॉलेज से लौटी तो घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद था। आसपास पूछताछ करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिली।
शाम 5 बजे जब छोटा भाई स्कूल से लौटा और उससे पूछा गया तो उसने बताया कि वह सुबह करीब 10.30 बजे स्कूल गया था, तब दीदी घर पर थी। परिजनों ने रिश्तेदारों और आस-पास क्षेत्र में काफी तलाश की, किन्तु सफलता नहीं मिली।



# अच्छी खबरः जिले में यूरिया उर्वरक की 1333.890 मीट्रिक टन की नई खेप प्राप्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के रैक पॉइंट पर आज ब्रह्मपुत्र कंपनी की यूरिया उर्वरक की रैक प्राप्त हुई, जिसके माध्यम से जिले को कुल 1333.890 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध हुआ है। प्राप्त यूरिया उर्वरक को नियमानुसार जिले के विभिन्न डबल लॉक केंद्रों, सरकारी सहकारी समितियों तथा पंजीकृत निजी आदान विक्रेताओं के पास भेजा जा रहा है, जहाँ से इसे कृषकों को विक्रय हेतु उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा संपूर्ण वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है, ताकि कृषकों को समय पर एवं सुगमता से उर्वरक उपलब्ध हो सके।

# बालक छात्रावास शिकारा के अधीक्षक रम्मूलाल पन्द्रे निलंबित




छात्र की गुमशुदगी की सूचना देर से देने और कर्तव्य में लापरवाही पर कार्रवाई

**घंसौर** / जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास शिकारा के अधीक्षक एवं प्राथमिक शिक्षक रम्मूलाल पन्द्रे को जिला प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई विकासखंड अधिकारी घंसौर द्वारा प्रस्तुत दिनांक 27 नवंबर 2025 की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है, जिसमें अधीक्षक की गंभीर लापरवाही सामने आई।
जांच प्रतिवेदन के अनुसार छात्रावास में निवासरत छात्र अरुण मरावी 23 नवंबर 2025 की रात्रि से लापता था, जिसकी जानकारी अधीक्षक द्वारा पुलिस एवं वरिष्ठ अधिकारियों को दो दिन देरी से 25 नवंबर को दी गई।
छात्रावास नियमों के अनुसार अधीक्षक का परिसर में अनिवार्य रूप से मौजूद रहना आवश्यक है, किंतु घटना के समय रम्मूलाल पन्द्रे छात्रावास परिसर में अनुपस्थित पाए गए। यही नहीं, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य द्वारा 27 नवंबर को किए गए निरीक्षण में भी छात्र के संबंध में अधीक्षक द्वारा संतोषजनक जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई।
उक्त प्रकरण में पूर्व में कार्यालयीन पत्र क्रमांक 4397ए के माध्यम से अधीक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, परंतु निर्धारित अवधि बीत जाने के बावजूद उन्होंने संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया। मामला गंभीर होने की वजह से इसे जिला प्रशासन को भी अवगत कराया गया।
जांच में अधीक्षक का आचरण मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (1) सामान्य (एक), (दो), (तीन) के प्रतिकूल पाया गया, जो कि कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसी आधार पर मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 के तहत श्री रम्मूलाल पन्द्रे को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड कार्यालय घंसौर निर्धारित किया गया है। साथ ही उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।
कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य सिवनी द्वारा जारी आदेश में संबंधित सभी उच्च अधिकारियों, कोषालय तथा विकासखंड कार्यालय को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रतिलिपि भी प्रेषित की गई है।
विभाग ने विकासखंड कार्यालय घंसौर को निर्देश दिए हैं कि छात्रावास का संचालन सुचारु रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा और देखरेख में किसी प्रकार की कमी न रहे।

## किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर बैठक आहूत की

# जिले के किसान के दुख दर्द को सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही समझती है-मरावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन में जिले के किसानों की ज्वलंत समस्याओं के लेकर बैठक आहूत की गई। प्रदेश की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार ने चुनाव पूर्व किसानो की आय दोगुनी करने की बात कही थी। किसानो की आय दोगुनी करना तो दूर रहा आज प्रदेश एवं जिले के किसान को उनकी उपज का सही दाम भी नही मिल पा रहा है जिसके चलते किसान भारी परेशान हो रहा है, जिले के किसान के दुख दर्द को सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही समझती है किसान अर्थव्यवस्था की नीव किसान के बीना कभी समभव नही हो सकती, कांग्रेस ने हमेशा किसानो के हक की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ती रहेंगी।
बैठक में उपस्थित कांग्रेस जनों को सम्बोधित करते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने कहा कि देश में सत्तारूढ़ केन्द्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण आज अन्नदाता किसान खून के ऑसू रो रहा है ना तो किसान को बौनी के समय बीच मिलता ना ही समय पर खाद की उपलब्धता होती है खाद लेने लाईन में खड़े खड़े किसान अधमरा हो जाता फिर भी उसे खाली हाथ लौटना पड़ता है। जैसे तैसे किसान अपनी फसल तैयार करता है किन्तु जब किसान की उपज खरीदने का समय आता है तो प्रदेश की निरलज भाजपा सरकार किसानों की उपज खरीदने में आना कानाी करते हुये केन्द्र को फसल ना खरीद पाने के संदर्भ में केन्द्र में बैठी भाजपा सरकार को चिट्टी लिखकर अपनी जिम्मेदारी से भागने का प्रयास कर रही है। जिला कांग्रेस कमेटी किसानों के सुख दुख की साथी है जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने किसानों की इन समस्याओं को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार को उनके द्वारा किये गये वादो को याद दिलाने और किसानों को उनका हक दिलाने के लिए आगामी 10 दिसम्बर 2025 को जिला स्तरीय विशाल किसान आंदोलन किये जाने का आव्हान किया है। बैठक के प्रारंभ में वरिष्ठ कांग्रेसी विष्णु करोसिया को प्रदेश उपाध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ में मनोनीत होने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा शालश्रीफल से सम्मान किया गया। बैठक को शिवराम सनोडिया, मोहनसिंह चंदेल, शिव सनोडिया, घनश्याम सनोडिया, बहादुर पटेल, आदित्य मोन्टू भूरा, राजिक अकील, कमलेश सनोडिया, संजय बैस, प्रभातसिंह ठाकुर, तेजसिंह रघुवंशी, विजय उइके, धर्मेन्द्र बघेल, चन्द्रहास सनोडिया, छिदामीलाल भलावी, राजू सनोडिया, हुकुमचंद सनोडिया, सतीश सरयाम, अनीस खान, राजा मुबीन ने सम्बोधित करते हुये किसान आंदोलन के स्वरूप पर अपने विचार रखें।बैठक का संचालन शिव सनोडिया एवं आभार प्रदर्शन प्रेमचंद भलावी द्वारा किया गया।



बैठक में मो. हनीफ खान, मंसाराम चन्द्रवंशी, अयोध्याप्रसाद शरणागत, रंजीत यादव, रामनाथ काकोडिया, दीवान आजम अली, नेम कुमार जैन, सुरेन्द्र साहू, दिलीप रकसेल, अजीजुरहमान बाबा भाई, यशपाल भलावी, धुरवनारायण चौधरी, गिडियन टी सिंह, संजय बघेल, किशोरीलाल कुंजाम, खेलनसिंह राहंगडाले, डालचंद पप्पू पुसाम, गनेश उइके, शिवदीप डहेरिया, धनंजय सिंह, सतेन्द्र बघेल, सरदार सिंह बघेल, कैलाश अवधिया, नन्दू यादव, ठा. जयप्रकाशसिंह परिहार, वसीम रायल, अशफाक खान अश्शू, अंकित सनोडिया, भोजेलाल मर्सकोले, अजय साहू, कृष्णकुमार यादव, श्यामसिंह माली, दयालुसिंह माली, संदीप मातरे सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

# गिफ्ट अ डेस्क मुहिम में लगातार मिल रहा दानदाताओं का सहयोग

**केवलारी विकासखंड के 04 स्कूलों में पहुंची 60 डेस्क बेंच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला प्रशासन द्वारा शासकीय विद्यालयों में जन भागीदारी से डेस्क बेंच उपलब्ध कराने की गिफ्ट अ डेस्क मुहिम को लगातार दानदाताओं का सहयोग मिल रहा है। बड़ी संख्या में दानदाता आगे आकर स्कूलों की सुविधा एवं उनके उन्नयन के लिए अपना सहयोग कर रहे हैं। इस क्रम में सोमवार को केवलारी विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला थांवरी, प्राथमिक शाला टाला, प्राथमिक शाला तिंदुआ एवं प्राथमिक शाला कचहरी (केवलारी) में 60 डेस्क बेंच बच्चों के लिए पहुंची। दानदाता श्री नीरज अग्रवाल द्वारा 25 एवं अन्य दानदाताओं द्वारा 35 डेस्कबेंच इन स्कूलों में उपलब्ध कराने से अध्ययनरत बच्चें सुविधाजनक रूप से डेस्क बेंच में बैठकर पढाई कर रहे हैं। गिफ्ट अ डेस्क अभियान से जुडऩे के लिए नागरिकगण अपना पंजीयन करा सकते हैं तथा पंजीयन उपरांत जिला स्तरीय कॉल सेंटर से संपर्क किये जाने पर जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं। उक्त लिंक पर स्कूलों, आवश्यक डेस्क की जानकारी के साथ ही फर्नीचर निर्माताओं की सूची भी उपलब्ध है।

# लंबित शिकायतों में त्वरित कार्यवाही के कलेक्टर ने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में समयसीमा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अनुविभागीय अधिकारी सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों तथा जिलेवार रैंकिंग के लिए लंबित शिकायतों में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। इसी तरह समयसीमा में दर्ज किए गए प्रकरणों को एक सप्ताह के अंदर निराकृत करने के निर्देश सभी विभागीय अधिकारियों को दिये गए हैं।
कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विधानसभावार गणना पत्रकों की प्राप्ति, मैपिंग तथा उसके डिजिटाईजेशन की समीक्षा कर कम प्रगति वाले मतदान केन्द्रों पर विशेष ध्यान देकर पूरी शुद्धता के साथ शतप्रतिशत मैपिंग एवं डिजिटाईजेशन पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सेक्टर अधिकारी के रूप में नियुक्त जिला अधिकारियों को भी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया है।
उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को नरवाई प्रबंधन के लिए मैदानी स्तर पर सीडर, हैपी सीडर, रोटावेटर के साथ मोबाईल श्रीडर जैसे उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही प्राकृतिक खेती को बढावा देने के लिए प्रचारप्रसार की कार्योजना तैयार कर मंडी परिसर एवं हाट बाजारों में प्रदर्शन आयोजित करने के निर्देश दिये है।
उन्होंने किसानों को गुणवत्ता युक्त कृषि आदान सामाग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सतत रूप से निरीक्षण के निर्देश दिये हैं तथा अमानक आदान सामाग्रियों का विक्रय करने वाले दुकानदारों पर नियमानुसार कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने राजस्व विभाग अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री, नामांतरण, अभिलेख सुधार एवं बंटवारे सहित अन्य लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री से छूटे हुए किसानों को चिन्हांकित कर त्वरित रूप से फार्मर रजिस्ट्री कार्यवाही को कराने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी राजस्व अधिकारियों को लक्ष्यानुसार राजस्व वसूली के लिए निर्देशित किया है।

# विनोबा ऐप में उल्लेखनीय प्रदर्शन को लेकर शिक्षक हुए सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में विनोबा ऐप से जिले स्तरीय पोस्ट ऑफ द मंथ में चयनित शिक्षकों रविशंकर सनोदिया, लेखा गौतम, राजेश कुमार ठाकुर, बेनीराम जांघेला, दीपक जैन, ख़ेमलता शरणागत, ललिता पटले, सुषमा यादव, नीतेश्वरी पवार एवं मंजू यादव को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा सम्मानित किया गया।
कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा में हो रहे नवाचार जिले के शैक्षणिक परिदृश्य को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यालय के समस्त कार्यों के साथसाथ अध्यापन को सर्वोच्च प्राथमिकता देना हम सभी का धर्म और बच्चों के प्रति दायित्व है।



इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक महेश कुमार बघेल तथा ओपन लिंक्स फाउंडेशन के प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री केशव नामदेव भी उपस्थित रहे। कलेक्टर महोदया ने उम्मीद जताई कि सभी शिक्षक आगे भी इसी उत्साह और समर्पण के साथ कार्य करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को और उत्कृष्ट बनाएंगे।

# जिले में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने हेतु जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन समिति की बैठक सम्पन्न

**सिवनी** / जिले में उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन समिति की बैठक सोमवार को आयोजित की गई।
बैठक में जिले में स्थापित एवं संचालित उद्योगों की वर्तमान स्थिति, उनके विस्तार की संभावनाओं तथा नवीन औद्योगिक क्षेत्रों के विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। उद्योगों के समक्ष आने वाली समस्याओं, चुनौतियों तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए गए। समिति द्वारा उद्योगों की आवश्यकता एवं मांग के अनुसार कृषि आधारित उत्पादों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया, जिससे जिले में एग्रीबेस्ड उद्योगों को बढ़ावा मिल सके। बैठक के दौरान उद्योगपतियों से उनके सुझाव भी आमंत्रित किए गए, ताकि औद्योगिक विकास को और अधिक व्यवहारिक एवं आवश्यकतानुसार दिशा प्रदान की जा सके। उद्योगपतियों को प्रदेश की स्टार्टअप नीति, औद्योगिक क्षेत्र में भूमि आवंटन प्रक्रिया, तथा निवेश के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं प्रोत्साहनों की जानकारी विस्तार से प्रदान की गई। इस अवसर पर उद्यमियों को जिले में निवेश बढ़ाने के लिए प्रेरित भी किया गया। बैठक में जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र, श्रम, नगरीय विकास विभाग, वाणिज्यिक कर सहित अन्य विभागों के अधिकारी, उद्योग प्रतिनिधि एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों की सामर्थ्य खेल कूद गतिविधियां का एक दिवसीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल आदेशानुसार एवं कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार जिला परियोजना समन्वयक महेश बघेल के मार्गदर्शन में दिव्यांग बच्चों की सामर्थ्य खेल कूद गतिविधियां का एक दिवसीय आयोजन , एपीसी श्री हरीश बरमन एवं बी आर सी श्री राम पटले सर,की मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लखनादौन के प्राचार्य श्री एम.एल डेहरिया सर, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मोनिका रावत ,जनपद शिक्षा केंद्र लखनादौन से बी.आर.सी.श्री श्रीराम पटले सर ने सरस्वती पूजन वंदना के साथ कार्यक्रम के शुभारंभ किया। दिव्यांग बच्चों की सामर्थ्य में खेल कूद प्रतियोगिता में विकासखंड स्तर के समस्त दिव्यांगता वाले बच्चों को शामिल किया गया। जिसमें ,चित्रकला,रंगोली,50मीटर दौड़,100 मीट.दौड़, कुर्सी दौड़ ,गोला फेंक एकल गायन, डांस आदि गतिविधियों में उत्सुकताकेसाथशामिलहुए। दिव्यांग बच्चों के खेलकूद कार्यक्रम में कुल 72 बच्चो ने अपना अपना सामर्थ्य अनुसार प्रदर्शन किया प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एवं सभी सहभागी बच्चों स्कूल बैग,टिफिन बॉक्स, ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र से पुरुस्कृत किया गया । कार्यक्रम में मंच का संचालन श्री जी.पी.चंदेल जी के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम की व्यवस्था श्री उत्तम दहीकर जनपद शिक्षा केंद्र लखनादौन के द्वारा की गई।

## छिंदवाड़ा में संपन्न हुआ विश्वविद्यालय स्तरीय 41 वॉ युवा उत्सव

# भाषण, वादन, रुपांकन और ग्रुप डांस में जिले के युवाओं ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**पूरे मध्यप्रदेश में वर्ष 1985 से निरंतर आयोजित हो रहा उच्च शिक्षा विभाग का युवा उत्सव इस वर्ष भी विश्वविद्यालय स्तर पर शानदार तरीके से संपन्न हुआ। राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा में भारतीय ज्ञान परंपरा की थीम पर आधारित त्रि-दिवसीय युवा उत्सव में सिवनी जिले के युवा विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।**

विश्वविद्यालय स्तरीय 41 वें युवा उत्सव में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल रहीं पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की प्राध्यापक डॉ सविता मसीह ने बताया कि लगभग 22 विधाओं में सिवनी जिले के सभी शासकीय महाविद्यालयों के लगभग 50 युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. मीडिया प्रभारी प्रोफेसर सत्येन्द्र कुमार शेन्डे और स्पोर्ट्स ऑफिसर केसी राउर ने बताया कि 41 वें विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव में सिवनी जिले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने गायन, माईम, स्किट , लोकनृत्य और नाटक में अपने भाव विभोर प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया. सिवनी जिले की हर एक भावपूर्ण मंचीय प्रस्तुति पर तालियों की गडग़ड़ाहट से



दर्शक दीर्घा लगातार गूंजती रही. महिषासुर मर्दिनी के रूप में सुरभि रजक के एकल नृत्य (शास्त्रीय) ने समां बॉध दिया. युवा उत्सव में 21 विधाओं हिस्सा लेते हुए सिवनी जिले के छात्र छात्राओं ने पॉच विधाओं में प्रथम, आठ विधाओं में दूसरा तथा चार विधाओं में तीसरा स्थान हासिल किया. सिवनी की टीम को प्रभात रैली में तीसरा स्थान मिला।

### विश्वविद्यालय स्तर पर ये रहे प्रथम विजेता

भाषण प्रतियोगिता सोनाली अवधिया, पीजी कॉलेज, सिवनी एकल गायन (सुगम) प्रतियोगिता दुर्गेश सनोडिया, पीजी कॉलेज, सिवनी स्पॉट पेंटिंग महिमा काठोले, पीजी कॉलेज, सिवनीकार्टून प्रतियोगिता आशुतोष कश्यप, लॉ कॉलेज, सिवनी समूह नृत्य प्रतियोगिता आकांक्षा पुसाम एवं साथी, शासकीय कॉलेज , लखनादौन विश्वविद्यालय स्तर के प्रथम विजेताओं को अब राज्य स्तर पर सिवनी सहित छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग, नोडल अधिकारी डॉ सविता मसीह एवं युवा उत्सव कोर कमेटी के डॉ. श्यामसिंह राहंगडाले, डॉ. रामकुमार नायक और डॉ राकेश चौरासे ने विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम विजेता प्रतिभागी छात्रछात्राओं को राज्य स्तर पर जिले एवं छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाने की शुभकामनाएँ दी हैं.

### इनकी रही ख़ास भूमिका

विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की तैयारी कराने एवं मार्गदर्शन देने में रूपांकन विधा प्रभारी डॉ. लीडिया कुमरे, सांगीतिक विधा प्रभारी डॉ हर्षा डहेरिया, साहित्यिक विधा प्रभारी प्रो. सत्येन्द्र शेन्डे, सांस्कृतिक विधा प्रभारी प्रो रचना राय, डॉ मनोज टेंभरे, प्रो. पंकज शेन्डे, प्रो. प्रीति सिरसाम सहित कॉलेज स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# नाइट राइडर्स ने जीता खिताब

**बरघाट प्रीमियर लीग में ग्रीन सिटी बनी उपविजेता**



**सिवनी।** बरघाट के स्टेडियम मैदान पर आज बरघाट प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट का फाइनल मैच खेला गया। इस रोमांचकारी मैच में नाइट राइडर्स ने न्यू ग्रीन सिटी को तीन रन से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। बरघाट वेटरन क्रिकेट टेनिस टूर्नामेंट में टीम नाइट राइडर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 7 विकेट खोकर 55 रन बनाए। जिसमें जुबैर खान के 15 एवं शमीम खान के 10 रन की अहम भूमिका रही। न्यू ग्रीन सिटी की ओर से गन्नू माना ठाकुर ने दो, राजू एवं मस्तराम ने एक-एक विकेट प्राप्त किया । जवाबी पारी खेलने उतरी न्यू ग्रीन सिटी के कप्तान शान खान को लक्ष्य छोटा लग रहा था। मौका था नाइट राइडर्स के आनर अजय मिश्रा एवं कप्तान राजा खान को इस लो स्कोर को डिफेंस करना। जवाबी पारी खेलने उतरी न्यू ग्रीन सिटी ने शुरुआत में हीं तीन विकेट खो दिए। दीपक डागा 23 रन एवं कप्तान शान खान की संघर्ष वाली पारी भी टीम को जीत नहीं दिला पाई। और यह मुकाबला तीन रन से हार गई। बालिंग में राजा खान, जीत सिंह, शोएब खान एवं दिनेश नामदेव ने कसी हुई गेंदबाजी की। साथ ही क्षेत्ररक्षको ने भी बोलेरो का अच्छा साथ दिया। पुरस्कार वितरण में आयोजन समिति की ओर से प्रथम पुरस्कार 31000 व द्वितीय पुरस्कार 15000 के साथ मैन ऑफ द मैच मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट कीपर, बेस्ट बैट्समैन सहित सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

## अस्वीकृत घाटों से रेत का उत्खनन एवं परिवहन जोरों पर

# अवैध रेत घाटों पर ठेकेदारों की गुंडागर्दी से परेशान

# तीन ग्राम के ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट/किरनापुर।

बालाघाट जिले की किरनापुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोकना ,कड़कना एंव जामडी के ढोरीया परसवाड़ा के सैकड़ो ग्रामीणों ने अवैध रेत घाटो से बदस्तूर हो रहे रेत के उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाए जाने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व किरनापुर ,तहसीलदार किरनापुर सहित थाना प्रभारी किरनापुर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि उक्त तीन चार ग्रामो से लगातार रेत ठेकेदारों द्वारा अवैध रूप से रेत का अवैध उत्खनन एंव परिवहन किया जा रहा है जबकि सरकार एंव प्रशासन की सूची में उक्त रेत घाट स्वीकृत ही नही है लेकिन अनेको बार उक्त रेत के अवैध उत्खनन एंव परिवहन को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराया गया और विरोध प्रदर्शन किया गया लेकिन रेत ठेकेदारो के गुर्गों के हौसले इतने बुलन्द है कि वे ग्रामीणों से ही गाली गलौज के साथ मारपीट करने लगते हैं।

02 दिसम्बंर को भी तीन ग्रामो के सरपंचों के साथ ग्रामीणों द्वारा रेत ठेकेदारो द्वारा अवैध रेत घाटो से उत्खनन एंव परिवहन कर रहे ट्रेक्टर क्रमांक MP50ZH0575 एंव MP50ZB8036 सहित एक अन्य वाहन को रोका गया और तुरन्त खनिज विभाग सहित किरनापुर पुलिस को जानकारी दी गई की उक्त अवैध रेत घाटो से रेत का अवैध उत्खनन एंव परिवहन किया जा रहा है। शिकायत पर किरनापुर पुलिस द्वारा अपने दल बल के साथ उक्त घाटो पर छापामार कार्यवाही की गयी। लेकिन पुलिस के आने के पूर्व रेत ठेकेदारो के गुर्गे जिनमे जुनैद खान निवासी बालाघाट, मुकुल मार्को निवासी बालाघाट एवं



राहिल खोब्रागडे निवासी बालाघाट सहित अन्य 15 से अधिक आपराधिक प्रवर्ती के युवको द्वारा सरपंच सहित ग्रामीणजनो से गाली गलौज,जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने का प्रयास किया गया और बदसलूकी करते हुए उक्त रेत से भरे ट्रेक्टरों वाहनों को घाटो से ले जाने में कामयाब हो गए। हालांकि इस दौरान ग्रामीणों ने अवैध रेत घाटो पर उत्खनन एंव परिवहन कर रहे ट्रैक्टरो का वीडियो बना लिया।

जिसकी शिकायत 02 दिसम्बंर को ग्राम पंचायतों के सरपंच सहित ग्रामीणों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व किरनापुर, तहसीलदार किरनापुर एंव से की गई है। आपको बता दे कि रेत उत्खनन हेतु रायल्टी किरनापुर तहसील के स्वीकृत रेत घाट पानगांव की काटी जा रही है और रेत का उत्खनन एंव परिवहन दूसरे अस्वीकृत घाटो से करते हुए मध्यप्रदेश सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है दिलचस्प बात ये है कि वैध घाटो से 25 किलोमीटर के लिए करीब 07 घण्टे की रायल्टी जारी की जाती है इसका मतलब स्पस्ट होता है कि कितने बड़े पैमाने मध्यप्रदेश सरकार को राजस्व चोरी का चूना लगाया जा रहा है।

अपनी समस्या के संबंध मे जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से ग्राम कोकना, कड़कना ढोरीया परसवाड़ा के रेत घाट से रेत का उत्खनन एंव परिवहन किया जा रहा है जिससे गर्मी के दिनों में ग्राम के कुंए सुख जाते हैं और ग्रामीण पानी की समस्या से जूझते रहते हैं जिनकी सुध लेने वाला कोई नही होता। मध्यप्रदेश सरकार के खनिज विभाग के सर्कुलर में स्पष्ट है मध्यप्रदेश सरकार एंव प्रशासन के दिशा निर्देशों पर ही रेत ठेकेदारों द्वारा विधिवत सीमांकन कर चिन्हित स्थान से ही रेत का उत्खनन एंव परिवहन करेंगे।

लेकिन ठेकेदारो द्वारा वैध रेत घाटो से ना निकालकर दूसरे ग्रामो के रेत घाटो से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए नदी की छाती को लगातार छलनी कर रहे है। और यह सिलसिला अभी भी लगातार जारी है।

आज दिए गए ज्ञापन के दौरान ग्राम पंचायत कोकना सरपंच भोजराज ठाकरे, कड़कना सरपंच सालिकराम ढोहरे एंव जामडी सरपंच गुनीराम बोहरे सहित सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## विकास के नाम पर लाखों का हेरफेर, भ्रष्टाचारियों पर कब होगी कार्यवाही?

# रोजगार सहायक संतोष जुगनाके को बर्खास्त करने उठ रही मांग?

## ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री के पंचों ने कलेक्टर से की निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री फिर एक बार सुर्खियों में है ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक और पूर्व प्रभारी सचिव और सरपंच पर नवंबर महीने के पहले सप्ताह में पंचो जिसमें उप सरपंच राजकुमार मरठे, छत्रपाल पारधी, कन्हैया लाल यादव सहित अन्य द्वारा जनपद पंचायत लालबर्रा पहुंचकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी से ग्राम पंचायत मे किए गए भ्रष्टाचार की शिकायत कर उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंदर सिंह मंडलोई द्वारा शिकायत की जांच के लिए चार सदस्यीय जांच दल गठित किया गया जांच दल में खंड पंचायत अधिकारी खिलेंद्र सोनवंशी, मनरेगा अधिकारी रूपेश इवने,संदेश पारधी और श्री रोकडे थे।


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Satpura Bhoomi - 12 Nov 2025 - Page 4
मामला जनपद पंचायत लालबर्रा का
ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री के पंचो द्वारा की गई शिकायत की जांच आज
सतपुड़ा भूमि

### नहीं मिले दस्तावेज, भारी भ्रष्टाचार की आशंका

ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री के पंचो द्वारा की गई शिकायत पर जांच करने पहुंचे दल को ग्राम पंचायत में किए गए विकास कार्यों का रिकॉर्ड नहीं मिला जिसके चलते जाँच अधिकारियों को बैरंग ही लौटना पड़ा जब उक्त जांच के संबंध में मिडिया प्रतिनिधि द्वारा जब जांच अधिकारी खंड पंचायत अधिकारी खिलेंद्र सोनवंशी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि प्रभारी सचिव संतोष जुघनाके द्वारा रिकॉर्ड नहीं दिया गया, रिकॉर्ड नहीं मिलने के कारण जांच नहीं हो पाई और पूर्व प्रभारी सचिव को दो बार रिकार्ड उपलब्ध कराने नोटिस जारी किया गया बावजूद सचिव ने अभी तक रिकार्ड उपलब्ध नहीं कराया हैं। और ना ही नोटिस का जवाब दिया है। जो कर्तव्य के निर्वहन में घोर लापरवाही है।

### आखिर कहां गए शासकीय दस्तावेज..घोर लापरवाही उजागर

शासकीय दस्तावेज किसी की धरोहर नहीं है यह दस्तावेज शासन की धरोहर है और शासकीय कार्यालय में ही उपलब्ध रहने चाहिए लेकिन ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री में ऐसा देखने को नहीं मिला, ग्राम पंचायत में ढाई साल के रिकार्ड गायब मिले आखिर ढाई साल के विकास कार्यों के रिकॉर्ड को जमीन खा गई या आसमान निगल गया नवंबर माह के पहले सप्ताह में पंचो द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी लालबर्रा को ग्राम पंचायत में हुए भारी भ्रष्टाचार की एक लिखित शिकायत की थी और निष्पक्ष जांच की मांग की गई थी गंभीर मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय जांच दल नियुक्त किया गया था और जांच दल द्वारा जांच की सूचना पंचों को भी दे दी गई थी, और नियत तिथि और रिकॉर्ड उपलब्ध रखने सरपंच और सचिव को निर्देश जारी किए थे. लेकिन भ्रष्टाचार को छुपाने की मंशा से प्रभारी सचिव संतोष जुगनाके और सरपंच के द्वारा पूर्व में किए गए विकास कार्यों का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। जिससे जांच प्रभावित हुई जो घोर लापरवाही है।

### निष्पक्ष जांच हुई तो, हो सकता है लाखों का भ्रष्टाचार उजागर

गांव में जन चर्चा है कि ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री मे विकास कार्यों के नाम 3 वर्षों से किए गए कार्यों और खर्च की जांच हो जाए तो लाखों रुपए के भ्रष्टाचार उजागर हो सकते हैं. ग्राम वासियों का कहना है कि सरपंच,सचिव और जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों की आपसी मिलीभगत से विभिन्न मदो से लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा किया गया है काम तो हुए नहीं , लेकिन भुगतान जरूर हुआ है ग्राम पंचायत में विकास कार्य के नाम पर फर्जी बिलो की बाढ़ है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों पर कार्यवाही भी!

### इनका कहना हैं

ग्राम पंचायत भाण्डामुरी के प्रभारी सचिव संतोष जुगनाके द्वारा रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया जिससे जांच नहीं हो पाई हमने दो बार नोटिस जारी किया है जिसका भी जवाब नहीं मिल पाया है।

**खिलेंद्र सोनवंशी,**
**जांच अधिकारी खंड पंचायत अधिकारी**
**जनपद पंचायत लालबर्रा**

## जिले के मुलना स्टेडियम में 3 दिसम्बर को मनाया जाएगा विश्व विकलांग दिवस

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ के निर्देशन में तथा जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक श्री जीपी बर्मन के मार्गदर्शन में 03 दिसम्बर को शहर के मुलना स्टेडियम में सुबह 11 बजे से विश्व विकलांग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिला परियोजना समन्वयक द्वारा समस्त बीआरसी को निर्देशित किया गया है इस कार्यक्रम में प्रत्येक विकासखण्ड से चयनित 10-10 बच्चों को वाहन के माध्यम से प्रतियोगिता में सम्मिलित कराना सुनिश्चित किया जाए। सहायक परियोजना समन्वयक श्री श्रीष थानथराटे ने बताया है कि प्रत्येक विकासखंड से चयनित छात्र छात्राएँ जिला स्तर पर होने वाली रंगोली, चित्रकला, मटकी फोड, ट्रायसिकल दौड, गीत गायन एवं नृत्य आदि प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे।

## जनजातीय कार्य विभाग के 373 शिक्षकों को उच्चत्तर क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला स्तंरीय विभागीय क्रमोन्ननति समिति की अनुशंसा के आधार पर जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट के अंतर्गत जिले में कार्यरत शिक्षकों को उनकी सेवा अवधि के 12 वर्ष, 24 वर्ष एवं 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर 373 शिक्षकों को उच्चत्तर क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत कर दिया गया है।सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि जिले के जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर 315 प्राथमिक शिक्षकों को प्रथम क्रमोन्नत वेतनमान जारी किया गया है। इसी प्रकार 24 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर 51 प्राथमिक शिक्षकों को द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान एवं 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर 05 सहायक शिक्षकों एवं 02 उच्च श्रेणी शिक्षकों को तृतीय क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत किया गया है। संबंधित शिक्षकों के स्वीकृति आदेश संकुल प्राचार्यों एवं विकासखंड अधिकारी कार्यालयों को ई-मेल तथा हॉर्ड कॉपी के रूप में उपलब्ध करा दिए गए हैं।सभी संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि यदि उनके अधीनस्थ किसी पात्र शिक्षक का नाम इस सूची में छूट गया हो, तो ऐसे शिक्षको की जानकारी सह-प्रस्ताव एवं गोपनीय प्रतिवेदन अविलंब कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## कलेक्टर से लगाई गुहार, गांव को बनाए नशा मुक्त

# अवैध शराब बिक्री से परेशान महिलाएं



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**चरेगांव और भमोड़ी गांवों की बड़ी संख्या में महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अवैध शराब बिक्री के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कलेक्टर और पुलिस से अपने गांवों को नशामुक्त बनाने में मदद की गुहार लगाई।**

ग्रामीणों ने बताया कि गांवों में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है और शराब की दुकानें गांव के बीच में संचालित हैं। इसके कारण बच्चे, युवा और पुरुष शराब का सेवन कर रहे हैं, जिससे परिवारों में कलह बढ़ रही है और गांव का माहौल अशांत हो रहा है।

भमोड़ी गांव में शराब के नशे में एक पुरुष ने महिला को पीटा, जिसके जवाब में महिला ने भी पुरुष की पिटाई कर दी। यह मामला अब न्यायालय में विचाराधीन है। ग्रामीणों ने ऐसे कई अन्य उदाहरण भी प्रस्तुत किए।

महिलाओं ने प्रशासन को नाले के किनारे बन रही कच्ची शराब के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अवैध उत्पादन गांव में शराब की उपलब्धता को और बढ़ा रहा है।

चरेगांव में शराब बिक्री का विरोध कर रही महिलाओं को कथित तौर पर गांव में शराब को संरक्षण देने वाले लोगों ने धमकी दी। आरोप है कि पटवारी को उनके घरों में ले जाकर शराब का विरोध करने पर मकान तोड़ने की धमकी दी गई।

भमोड़ी निवासी सुनीता बाई ने बताया कि 17-18 साल के बच्चे और युवा सुबह से ही शराब पीना शुरू कर देते हैं, जिससे घर और गांव का माहौल खराब हो रहा है।

चरेगांव के युवक स्वप्निल बिसेन ने जानकारी दी कि गांव के भीतर शराब की दुकान चल रही है और कई जगहों से कच्ची शराब निकालकर बेची जा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव में संचालित शराब की दुकान को कहीं और स्थानांतरित किया जाए और कच्ची शराब की बिक्री पर प्रभावी ढंग से रोक लगाई जाए।

# जंगल में मिला नक्सली डंप, एसपी बोले- सरेंडर करें या कार्रवाई भुगतें

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले में सक्रिय नक्सलियों को बालाघाट एसपी आदित्य मिश्रा ने चेतावनी दी है। मंगलवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी ने कहा कि यदि वे आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उन्हें सुरक्षाबलों की कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

बता दें कि, सोमवार और मंगलवार को पुलिस ने जिले के जंगलों से तीन नक्सली डंप बरामद किए। मंगलवार को किरनापुर थाना क्षेत्र के बोदालझोला जंगल से एक डंप मिला। इसमें एल्युमिनियम कंटेनर में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, वायरलेस सेट और दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल है।

एसपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि लगातार सर्चिंग और कार्रवाई के चलते 18 से अधिक नक्सलियों ने जिले और सीमावर्ती राज्यों में आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस मार्च 2026 तक सरकार के नक्सली खात्मे के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हाल ही में आत्मसमर्पण करने वालों में छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ निवासी मुन्ना शामिल हैं, जो नक्सली संगठन में तकनीकी गतिविधियों में शामिल था। मुन्ना ने अपनी पत्नी रोनी के साथ आत्मसमर्पण किया। इसके अलावा, दो दिन पहले महाराष्ट्र के गोंदिया में 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।

इसमें एमएमसी जोन के प्रवक्ता और स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्य, 25 लाख रुपए के इनामी अनंत उर्फ विकास नगपुरे और बालाघाट जिले की राशिमेटा निवासी नक्सली संगीता शामिल थीं। संगीता पर मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ तीनों राज्यों में 14 लाख रुपए का इनाम घोषित था और वह 2007 से नक्सली संगठन में सक्रिय थी।

एसपी आदित्य मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा- नक्सलियों के पास दो विकल्प हैं। या तो वे आत्मसमर्पण करें या सुरक्षाबलों की कार्रवाई के परिणाम भुगतें। जिले में सर्चिंग लगातार जारी है और किसी को भी कानून की कार्रवाई से बचने का मौका नहीं मिलेगा।

## लामता महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम हुए आयोजित



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

शासकीय महाविद्यालय लामता में प्राचार्य डॉ. सुनीता वैद्य के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे के निर्देशन में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं पोस्टर तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. सुनीता वैद्य ने कहा कि एड्स संक्रमित व्यक्ति के साथ हमें संवेदना व्यक्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक एड्स नियंत्रण में सहभागिता जरूरी है। विषय विशेषज्ञ डॉ. श्रद्धा वासनिक ने अपने उद्बोधन में एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और कहा कि एड्स लाइलाज बीमारी है, यह चार कारणों से फैलता है तथा इसके रोकथाम और बचाव के बारे में अवगत कराया। इस दौरान एड्स के कारण एवं बचाव के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। इसके पश्चात एड्स प्रश्नोत्तरी क्विज का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डुलेश्वरी टेंम्भरे ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ढालसिंह गौतम ने किया । इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## जिले के सभी 185 धान खरीदी केंद्रों पर सीसीटीव्ही कैमरे से रखी जायेगी नजर

**बालाघाट।** किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिये जिले में स्थापित किये जाने वाले सभी खरीदी केंद्रों पर सीसीटीव्ही कैमरे लगाये जा रहे हैं और इनमें माध्यिम से खरीदी केन्द्रों की प्रत्येक गतिविधि पर निगरानी रखी जायेगी। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने निर्देशित किया है कि धान खरीदी केंद्रों पर सीसीटीव्ही कैमरे ऐसे स्थानों पर लगाएं जाएं जिससे वहाँ की प्रत्येक गतिविधि रिकार्ड हो सके। सीसीटीव्ही कैमरों से खरीदी केंद्रों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग का एक्सेस संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं, ताकि किसी तरह की अनुचित गतिविधियां पाये जाने पर तुरंत कार्यवाही की जा सके।

# ग्राम मोहगांव (जाम) में श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 5 दिवसीय शिव महापुराण अमृत कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहगांव(जाम) में नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर 30 नवंबर रविवार से गुरुवार तक पंडित आलोक कृष्ण दीक्षित के मुखारविंद से दोपहर 1.00 बजे से 4.00 बजे तक एवं रात्रि 8.00 बजे से 11.00 बजे तक ग्राम में पांच दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का वाचन किया जा रहा है इस दौरान ग्राम में भक्तिमय माहौल व्याप्त है ग्राम एवं अन्य स्थानों से धार्मिक श्रद्धालुगण इस आयोजन में पहुंचकर धर्म ज्ञान के आशीर्वाद का लाभ प्राप्त कर रहे है।नवनिर्मित शिवमन्दिर परिसर में रविवार को कलश शोभायात्रा, भागवत स्थापना, महात्म्य कथा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।जिसके बाद सोमवार को पार्थिव शिवलिंग,भस्म,रुद्राक्ष बिल्वपत्र की महिमा मंगलवार को कुबेर कथा,नारद मोह, सती चरित्र का आयोजन किया गया।इसी तारतम्य में आज बुधवार को पार्वती जन्मोत्सव, तपस्या, शिवविवाह कार्यक्रमगुरुवार को शिव प्राण प्रतिष्ठा (प्रातःकाल)7.30 बजे कार्तिकेय गणेश चरित्र द्वादश ज्योर्तिलिंग महात्म्य के पश्चात यज्ञ पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।आयोजन समिति ने इस धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचकर इसका लाभ लेने की अपील सभी क्षेत्रवासियों से की है।





## बोरी बंधान से जल संचयः मिरिया के रपटा नाले पर 250 बोरियों का बंधान

### जिला प्रशासन के निर्देश पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के छात्रों और ग्राम पंचायत के सहयोग से हुआ कार्य

हरिभूमि न्यूज लांजी।

**जल संचय अभियान के अंतर्गत मिरिया स्थित रपटा नाले पर 250 बोरियों का बोरी बंधान किया गया। यह कार्य मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के बीएसडब्ल्यू- एमएसडब्ल्यू के छात्रों के प्रयासों और ग्राम पंचायत के विशेष सहयोग से संभव हुआ।**

संतोष नगपुरे, विकासखण्ड समन्वयक, जन अभियान परिषद, विजय हटिले, परामर्शदाता,अनीराम चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता- उमेश्वरी मच्छिरके, शुभम गेडाम, किरण चौहान, अनीमा लिल्हारे, मोहपाल तुरकर तथा अन्य छात्र-छात्राएँ इन सभी ने श्रमदान के माध्यम से नाले के किनारे बोरियों को बंधा, जिससे जल स्त्रोतों के संरक्षण की भावना ग्रामीणों में जागृत हुई। बोरी बंधान के श्रमदान से न केवल रपटा नाले में जल धारण क्षमता बढ़ी, बल्कि ग्रामीण जनमानस में नदी-नाले व तालाबों के प्रति संवेदनशीलता भी बढ़ी। इस पहल ने यह दर्शाया कि शासकीय सहयोग के बिना भी स्थानीय लोग स्वयं जल संचय के लिए संरचनाएँ बना सकते हैं। जिला प्रशासन ने इस सफल मॉडल को अन्य जल स्त्रोतों पर भी लागू करने की योजना बनाई है। जन अभियान परिषद के छात्र एवं ग्राम पंचायत मिलकर आगे भी ऐसे जल संरक्षण कार्यों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

